संवैधानिक/ प्रशासनिक घटनाक्रम नवंबर 2024

प्रश्न 1. 'एक देश, एक चुनाव' योजना के लाभ और चुनौतियों का विश्लेषण कीजिये। इस योजना के कार्यान्वयन से भारतीय राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ सकता है? समझाइये।

प्रश्न 2 . सर्वोच्च न्यायालय के इस दृष्टिकोण कि "हर अपमान को अपराध नहीं माना जा सकता" के कानूनी और सामाजिक प्रभावों का मूल्यांकन कीजिये। इस संदर्भ में कानून के दुरुपयोग तथा इसके निवारण के उपायों पर विचार कीजिये।

प्रश्न 3.पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रस्तुत 'अपराजिता' बलात्कार विरोधी विधेयक के प्रमुख प्रावधानों पर चर्चा कीजिये। यह विधेयक महिलाओं की सुरक्षा को कैसे प्रभावित कर सकता है? समझाइये।

प्रश्न 4.संपत्ति ध्वस्तीकरण के संबंध में समान दिशा-निर्देश क्यों आवश्यक हैं? इन दिशा-निर्देशों के अभाव में नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है? चर्चा कीजिये।

प्रश्न 5. लोकपाल के जाँच प्रकोष्ठ की स्थापना की महत्ता पर चर्चा कीजिये, जो लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम के लागू होने के एक दशक बाद की गई है। यह विकास भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को कैसे प्रभावित करता है? समझाइये।

प्रश्न 6. निवारक निरोध के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 22 का विश्लेषण कीजिये एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिये गए निर्णयों का उल्लेख करते हुए इसकी वैधता पर चर्चा कीजिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/constitutional-administrative-events-10